रात को घूमते 11 संदिग्ध गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली पुलिस टीमों ने बिना किसी ठोस कारण से बाहर घूम रहे 9 लोगों को गिरफ्तार किया। दो को शराब का नशा करके मोटरसाइकिल चलाते गिरफ्तार किया गया। इनको सोमवार सुबह कार्यपालक मजिस्ट्रेट के सामने पेश करके पाबंद करवाया गया है।

रात को इनके पास से एक बोलेरो कार तथा दो मोटरसाइकिलें सीज की गई। कोतवाल पृथ्वीपालसिंह भाटी ने बताया कि रात को ढाई बजे गश्त के दौरान बस स्टैंड के पास बोलेरो आरजे 13 यूए 9528 को बस स्टैंड के पास रोका गया। बोलेरो में रोहिड़ांवाली निवासी शुभम पुत्र मनीराम, कृष्ण पुत्र कुलदीप, शुजल पुत्र सत्यनारायण, अर्जुन पुत्र संजयकुमार तथा रोहित बिश्नोई पुत्र बलदेव सवार थे। ये पांचों नाथांवाला बाइपास स्थित ड्रीम होम सिटी कॉलोनी में किराये पर रह रहे हैं और रात को बिना कारण बस स्टैंड के पास घूमते पकड़े गए। इस पर इनको शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार करके बोलेरो को सीज किया गया। गश्त करते हुए रेलवे स्टेशन रोड पहुंचे। यहां पर कार डीएल 8 सी एएस 4304 को रूकवाया। इसमें 5 ए मौजपुरा निवासी सचिनसिंह पुत्र कर्मसिंह, करणसिंह पुत्र धर्मसिंह 15 जैड निवासी रजत पुत्र रामचंद्र, कच्ची थेड़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र कृष्णलाल को बिना कारण रात को संदिग्ध अवस्था में घूमते पकड़ा गया।

अब घुटनों के दर्द आदि रोगों का बिना ऑपरेशन इलाज संभव

बीकानेर,(कासं)। सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रदेश की पहली अत्याधुनिक ऑर्थो बायोलॉजिकल रिजनरेटिव केयर लैब का ट्रायल मंगलवार को पीबीएम अस्पताल से संबद्ध ट्रोमा अस्पताल में शुरू हुआ।

इस अवसर पर पीबीएम अधीक्षक डॉ बी.सी.घीया, ट्रोमा हॉस्पिटल प्रभारी और वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ बी.एल.खजोटिया, वरिष्ठ अस्थि रोग

■ **ऑर्थो बायोलॉजिकल रिजनरेटिव केयर लैब ट्रोमा अस्पताल में शुरू**

विशेषज्ञ डॉ अजय कपूर समेत ट्रोमा अस्पताल के अन्य अस्थि रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे।

इस अवसर पर पीबीएम अधीक्षक डॉ बी.सी.घीया ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि ये रिसर्च लैब जीएफसी कन्सन्ट्रेट पर काम करेगी। पहले मरीज के हिलिंग में दिक्कत आती है। लेकिन अब ऑस्टियो आर्थराइटिस ग्रेड 1, 2 या अन्य डिजीज है। उसमें ये एक्सीलेंट तरीके से काम करेगी और मरीज को बहुत फायदा होगा। डॉ घीया ने बताया कि अस्पताल में इस तकनीक से इलाज को लेकर एक दिन फिक्स किया जायेगा। जो भी मरीज इसका लाभ उठाना चाहे उठा सकता है। इलाज निशुल्क होगा। खास बात ये इस तकनीक में कोई साइड इफेक्ट नहीं है। ट्रीटमेंट के साथ रिसर्च भी किया जायेगा।

ट्रोमा अस्पताल में शुरू हुई ऑर्थो बायोलॉजिकल रिजनरेटिव केयर लैब के अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक पीबीएम अधीक्षक डॉ बी.सी.घीया, ट्रोमा हॉस्पिटल प्रभारी डॉ बी.एल.खजोटिया।

ट्रोमा हॉस्पिटल प्रभारी और वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ बी.एल. खजोटिया ने कहा कि कि यह अत्याधुनिक ओआरबीसी लैब हड्डी एवं मस्क्यूलोस्केलेटल बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी सिद्ध होगी और पीबीएम अस्पताल को चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलायेगी। अब ट्रोमा अस्पताल में प्रत्येक मंगलवार को इस तकनीक से घुटनों के दर्द, ऑस्टियो आर्थराइटिस, टेनिस एल्बो इत्यादि रोगों को इलाज किया जायेगा। ट्रोमा हॉस्टिपल के वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अजय कपूर ने बताया कि ओआरबीसी उपचार में बिना किसी ऑपरेशन, चीर-फाड़ अथवा बाहरी रसायनों के उपचार संभव है। यह एक ओपीडी आधारित डे-केयर प्रक्रिया है, जिसमें रोगी लगभग 1 घंटे में उपचार लेकर घर जा सकता है।

मतदान बहिष्कार की चेतावनी, ज्ञापन सौंपा

नोखा, (कासं)। नोखा उपखंड मुख्यालय पर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें राजस्व गांव तोलियासर को उसकी मूल ग्राम पंचायत भादला में शामिल करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जायेगा।

ग्रामीणों के अनुसार सरकार द्वारा पंचायत समिति पांचू के पुनर्गठन के दौरान ग्राम पंचायत भादला के वार्ड संख्या 7 में स्थित राजस्व ग्राम तोलियासर को पंचायत समिति सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 11, साधूणा पंचायत में शामिल कर दिया गया है। जोगेंद्र सिंह ने बताया कि तोलियासर की भौगोलिक सीमाएं साधूणा पंचायत से नहीं मिलती, जिससे वार्डों के पुनर्गठन में विसंगतियां पैदा हो गई है। इसी विसंगति के कारण ग्रामीण इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि तोलियासर को उसकी मूल पंचायत भादला में ही रखा जाना चाहिए। राजस्व गांव तोलियासर को उसकी मूल पंचायत भादला के वार्ड संख्या 7 में शामिल नहीं किया गया तो ग्रामीण आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में भेराराम, रूपाराम, भगवानराम, मोतीराम, भोमसिंह, गोपालराम, मूलाराम आदि शामिल थे।

सार-समाचार

प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया

गजसिंहपुर में दशमेश गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर प्रतियोगी परीक्षा के विजेताओं को नकद पुरस्कार से नवाजा।

गजसिंहपुर, (निसं)। दशमेश गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर जसवंत सिंह खालसा की तरफ से सिख इतिहास से संबंधित एक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम स्थान टीना पुत्री मदन लाल ने प्राप्त किया। सिमरनकीरत सिंह पुत्र दविंद्र सिंह द्वितीय स्थान नाजप्रीत कौर पुत्री मोहन सिंह, सीना पुत्री विजय कुमार तृतीया स्थान प्रवीण कौर पुत्री हरनेक सिंह ने प्राप्त किया। इन्हें नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में गुरूद्वारा साहिब के प्रधान इकबाल सिंह गिल के पुत्र अनमोल सिंह, इकबाल सिंह खालसा, प्रविंद्र सिंह गिल, पवनदीप सिंह, हरनेक सिंह, गुरविंदर सिंह सेखों, गुरप्रीत सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

जयंत चौधरी आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय स्किल डवलपमेंट, एंटरप्रिन्योरशिप और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी बुधवार प्रातः 9.50 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। चौधरी यहां से प्रातः 9.55 बजे सड़क मार्ग से लक्ष्मणगढ़ (सीकर) के लिए प्रस्थान करेंगे।

श्रीगंगानगर में हाड़ कंपाने वाली ठंड, 12 जनवरी तक स्कूलों में छुट्टी

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान के उत्तरी इलाके में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। श्रीगंगानगर में घने कोहरे और हाड़ कंपाने वाली ठंड के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 6 तक सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 12 जनवरी तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं। वहीं कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्रों के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगे। मौसम विभाग ने उत्तरी राजस्थान में कोल्ड वेव और डेंस फॉग की चेतावनी जारी की हुई है। नर्सरी से कक्षा 6 तक के बच्चों के लिए सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को न्यूनतम 5.4 और अधिकतम 14.3 डिग्री रहा। जबकि रविवार को न्यूनतम 6 और अधिकतम 15.9 डिग्री रिकार्ड हुआ। हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं और सिंचाई वाले इलाके में नमी के कारण यहां कोहरा और सर्दी का असर

■ **कलेक्टर ने शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 6 तक सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 12 जनवरी तक छुट्टियां घोषित कर दी है**

सबसे ज्यादा है।

आने वाले दिनों में भी राहत के आसार कम हैं। जनवरी में नियमित अंतराल पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ठंड और बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। अगले दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा लेकिन 8 जनवरी के आसपास नए पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में बदलाव के संकेत हैं। मौसम विभाग ने उत्तरी राजस्थान में कोल्ड वेव और डेंस फॉग की चेतावनी जारी की हुई है।

नोखा में कड़ाके की सर्दी : नोखा के आसपास के क्षेत्र में लगातार गिरते तापमान के कारण ठंड का असर और तेज हो गया है। सुबह-सुबह घने कोहरे और तेज ठंड के बीच रोजाना कामकाज पर जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है।

प्रदेश के करीब 20 जिलों में अत्यधिक ठंड होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। आम दिनों के मुकाबले मंगलवार को नोखा की सड़कों पर लोगों की चहल-पहल कम दिखाई दी। मंगलवार सुबह नोखा उपखंड क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा जिससे दृश्यता बेहद कम रही। वाहन चालकों को हैडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिक भी ठंड और कोहरे से प्रभावित हुए।

बढ़ती ठंड के कारण बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं किसानों ने कोहरे को फसलों के लिए लाभदायक बताया। उनका कहना है कि कोहरे से खेतों में नमी बनी रहती है, जिससे रबी की फसलों को फायदा मिल रहा है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के समय विशेष सावधानी बरतें।

कलेक्टर ने तेजपुरा में की जनसुनवाई

बज्जू, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को बज्जू उपखंड मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने बज्जू तेजपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय में जनसुनवाई की, जिसमें पखंड स्तर के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने बिजली, पानी और आबादी पट्टों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद, कलेक्टर वृष्णि ने बज्जू उप जिला चिकित्सालय के लिए आरडी 931 स्थित आईजीएनपी कॉलोनी में आवंटित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बागा नाडा विद्यालय में 30 लाख रूपये की लागत से बन रहे दो कमरों और टीनशेड निर्माण कार्य का भी भौतिक सत्यापन किया। जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बज्जू खालसा में 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित 100 गुणा 40 फीट के टीनशेड का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीडीओ को टीनशेड को वर्षा जल संरक्षण प्रणाली से जोड़ने के निर्देश दिए।

स्कूल खुले, सर्दी में बच्चों को परेशानी

बीकानेर, (कासं)। सर्दियों की दस दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार से स्कूल फिर शुरू हो गए हैं। पिछले दिनों तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होने के कारण छुट्टियां आगे नहीं बढ़ाई गई लेकिन मंगलवार सुबह अचानक छाए कोहरे ने ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आमतौर पर एक से डेढ़ घंटे पहले ही स्कूल वाहन बच्चों को लेने घरों पर दस्तक देते हैं। ऐसे में नौ बजे शुरू होने वाले स्कूल के वाहन आठ बजे से पहले ही घरों पर पहुंच गए जबकि कोहरा घना था। बीती रात तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे से कोहरा घना होने लगा, जो सुबह आठ बजे तक बना रहा। इसके बाद कोहरे के कारण ठंड का असर और बढ़ गया। आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट की उम्मीद की जा रही है। हालांकि शहर में विजिबिलिटी अपेक्षाकृत ठीक रही, लेकिन मैदानी क्षेत्रों में दृश्यता कम दर्ज की गई। कोहरे और ठंड के कारण सुबह की सर्द हवाओं ने लोगों को ज्यादा ठिठुरन का अहसास कराया। सोमवार रात को ही अहसास

■ **सुबह आठ बजे तक कोहरे में लिपटा रहा शहर, विजिबिलिटी कम रही**

हो गया था कि सुबह कोहरा रहने वाला है।

कोहरे का असर नेशनल हाईवे पर भी देखने को मिला। मैदानी इलाकों में दृश्यता कम होने के चलते वाहनों की रफ्तार घट गई और चालक सतर्क होकर वाहन चलाते नजर आए। पिछले दिनों भारत माला रोड पर इसी कारण सड़क हादसा भी हुआ, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

शिक्षा विभाग और जिला कलेक्टर के बीच सोमवार को हुई बैठक के बाद छुट्टी की घोषणा नहीं की गई थी। हालांकि मौजूदा मौसम हालात को देखते हुए छोटी कक्षाओं के लिए छुट्टी की घोषणा किए जाने की संभावना जताई जा रही थी। दरअसल मौसम के अचानक बदले मिजाज ने साफ कर दिया है कि सर्दी अभी पूरी विदा नहीं हुई है और आने वाले दिनों में ठंड का असर बना रह सकता है।

61लाख की ठगी का मामला दर्ज

अनूपगढ, (कासं)। रावला पुलिस थाने में एक युवक को सिंगापुर भेजने के नाम पर 7 लाख 61 हजार 150 रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रावला के वार्ड नंबर 4, चक 8 पीएसडी निवासी मंजू (43) पत्नी राजेन्द्र कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह खानुवाली रोड पर सीमा रानी (45) पत्नी धर्मचंद निवासी 8 पीएसडी के साथ सिलाई और ब्यूटी पार्लर का काम करती थीं। सीमा का भांजा सिंगापुर में रहता है। मंजू के अनुसार सीमा ने उसके बेटे को भी सिंगापुर भेजने का प्रस्ताव दिया। सीमा ने दावा किया कि उसका बेटा सिंगापुर में रहकर प्रति माह 2 लाख रूपए कमाता है और मंजू को अपने बेटे को उसके माध्यम से भेजने के लिए प्रेरित किया। सीमा के कहने पर मंजू ने कुल 7 लाख 61 हजार 150 रूपए 17 बार में ऑनलाइन ट्रांसफर किए। मंजू का आरोप है कि सीमा और योगेश उर्फ जसविंदर सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्रीन वैली श्रीगंगानगर ने मिलकर उसके बेटे को विदेश भेजने के नाम पर ठगी की है। करीब एक महीने पहले जब मंजू सीमा के घर पैसे वापस मांगने गई, तो सीमा और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने गाली-गलौज कर उसे घर से निकाल दिया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी./बी.के.एन-25-26-27 **(2) कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के ADSTE/HSR के सेक्शन में विभिन्न सिग्नलिंग उपकरणों की सुरक्षा और प्रतिस्थापन का कार्य। **(3) अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 32213720.04/- **(4) बिड सिक्यूरिटी राशि:** ₹ 311100.00/- **(5) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 21.01.2026 को 15.00 बजे तक **(6) वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 19-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा

सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2025-26-04, दिनांक 02.01.26 उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी-प्रोजेक्ट-अजमेर-2025-26-04 जिसकी बंद होने की तिथि 02.02.2026 को ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मण्डल में एलटीई/यूएचएफ और कवच कार्य के सम्बध में लेटीस टावरों को लगाने का प्रावधान **(2) अनुमानित लागत:** ₹ 698686878.88/- **(3) धरोहर राशि:** ₹ 3643400/- (केवल ऑनलाइन भुगतान) **(4) टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख:** 02/02/2026 सायं 15:00 बजे। **(5) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ अजमेर ऑफिस। 20-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अवैध टैक्सी स्टैंड बना ट्रैफिक के लिए समस्या

बीकानेर, (कासं)। किसी मरीज को अगर एम्बुलेंस से गंगाशहर अस्पताल जाना है तो उस मरीज को जिंदगी की जंग से पहले रास्ते के लिए जंग लड़नी पड़ती है। सिर्फ एम्बुलेंस ही नहीं यहां आने वाले हर रोगी को अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। उसकी वजह है बेहिसाब और बेतरतीब खड़ी टैक्सियां और सड़क पर लगी दुकानें।

दरअसल टैक्सियों को लेकर पूरा प्रशासन परेशान है। खासकर उनके चलाने और बेतरतीब खड़े होने को लेकर। हालांकि अब बहुत ज्यादा दिन नहीं रहे जब ऑटो टैक्सियों पर अंकुश लगेगा। क्योंकि जल्दी ही सिटी बसें चलने वाली हैं और जिस रूट पर सिटी बसें चलेंगी वहां से ऑटो हटेंगे। मगर गंगाशहर में खासकर अस्पताल के पास टैक्सियों को लेकर लोग ज्यादा

■ **गंगाशहर अस्पताल में एम्बुलेंस को नहीं मिलती जगह**

परेशान हैं। इसकी वजह है कि अस्पताल आने वालों को ना तो रास्ता मिलता है ना ही रोगियों के परिजनों के वाहन खड़े होने की जगह है।

चार पहिया वाहन से अगर कोई आया तो उसे एक किलोमीटर दूर वाहन खड़ा करना होगा। क्योंकि अस्पताल के सामने तो दो पहिया वाहनों की एक साइड लाइन और सामने फलों और सब्जियों की दुकानें खिसककर सड़क पर आ गई। टैक्सियां सवारी लेने के लिए रोड में ही खड़ी हो जाती हैं। हालात ये हो गए कि साइड की गलियों तक इसका असर होने लगा है।

नकली सोना से लाखों का गोल्ड लोन

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर स्थित यूको बैंक से सितम्बर 2025 में करीब 19 लाख रूपए का गोल्ड लोन लिया गया था। बैंक की जांच में गिरवी रखे गए गहने सोने के नहीं पाये गए।

बैंक ने नकली सोने को असली बताकर लोन लेने के आरोप में मां और बेटे के खिलाफ गंगाशहर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूको बैंक गंगाशहर शाखा से रामप्यारी सोलंकी और उसके बेटे दाऊलाल सोलंकी ने 18 लाख 87 हजार रूपए का गोल्ड लोन लिया था।

लोन के बदले बैंक में तय मात्रा के गहने गिरवी रखवाए गए थे, जिन्हें सोने का बताया गया। बैंक की ओर से जब गिरवी रखे गए गहनों की विस्तृत जांच करवाई गई तो वे सोने के नहीं पाये गए।

भीनासर गोचर पर हो रहे अवैध कब्जे, प्रशासन मौन

बीकानेर, (कासं)। शहर में एक ओर गोचर बचाओ आंदोलन तेज हो रहा है, तो दूसरी ओर भीनासर गोचर भूमि पर अवैध कब्जों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

हैरानी की बात यह है कि प्रशासन को बार-बार शिकायतें मिलने के बावजूद न तो मौके पर कार्रवाई हो रही है और न ही कब्जाधारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। इससे साफ है कि या तो शासन-प्रशासन हालात से बेखबर है या जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है। भीनासर गोचर भूमि पर लगातार हो रहे कब्जों को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि गोचर भूमि, जो पशुओं और पर्यावरण के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। उस पर भूमाफिया प्रवृत्ति के लोग पट्टी-

■ **नखतबन्ना मंदिर के पीछे सैकड़ों बीघा गोचर भूमि पर गौशाला के नाम पर कब्जे करने की बात मने आ रही है**

टुकड़ा रोपकर अवैध कब्जे कर रहे हैं। खासकर नखतबन्ना मंदिर के पीछे सैकड़ों बीघा गोचर भूमि पर गौशाला के नाम पर कब्जे किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीडीए के अधीन आने के बाद भी गोचर भूमि की निगरानी कमजोर हो गई है। मुरली मनोहर गोचर संरक्षण समिति सहित कई संस्थाएं लगातार आंदोलन कर रही हैं। लेकिन आंदोलन की आड़ में भूमाफिया माहौल खराब करने पर तुले हैं। इससे गोचर बचाने की लड़ाई और जटिल हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जो लोग आवाज उठाते हैं, उन्हें मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। बीते दिनों स्थानीय लोगों ने उग्र प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने सही निर्णय नहीं लिया तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। लोगों का साफ कहना है कि गोचर भूमि पर कब्जे होते रहे और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन तय है। इसके लिए शासन-प्रशासन को पहले से तैयार रहना चाहिए। एक ओर शहर में गोचर बचाने के लिए जन आंदोलन चल रहा है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/5086 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 2 इ छोटी मुरब्बा नं. 61 के किला नं. 20 में भूखंड संख्या का माप 22'-6''गुणा 25'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मनोहर लाल बवेजा पुत्र श्री नन्दलाल बवेजा निवासी मकान नं. 22 जनता कालोनी, अशोक नगर बी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मनोहर लाल बवेजा पुत्र श्री नन्दलाल बवेजा निवासी मकान नं. 22 जनता कालोनी, अशोक नगर बी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 2 इ छोटी मुरब्बा नं. 61 के किला नं. 20 में भूखण्ड संख्या का माप 22'-6''गुणा 25'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र को पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5091 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 5-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 43/45 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0''गुणा 60'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री दिलप्रीत सिंह पुत्र श्री अमरजीत सिंह निवासी गली नं. 08 सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दिलप्रीत सिंह पुत्र श्री अमरजीत सिंह निवासी गली नं. 08 सेतिया फार्म, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 43/45 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0''गुणा 60'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5092 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 6-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 6 इ छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं0 20 में माप 50 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या 08 श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 2510 दिनांक 12.11.2013 को श्री कृपाराम पुत्र श्री किशनाराम के नाम से जारी किया हुआ है। श्री राधेश्याम स्वामी पुत्र श्री बुधराम स्वामी निवासी वीपीओ 15 जेड, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 25 इन्दू 30 फीट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.06.2016 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-12-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 6 इ छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 20 में माप 41.3 इन्दू 82.6 फीट श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 3532 दिनांक 16.04.2005 को श्री देवकी नन्दन गोल्याण पुत्र श्री लीलाधर गोल्याण के नाम से जारी किया हुआ है। श्री रवि गोल्यान पुत्र श्री देवीनंदन गोल्यान निवासी श्रीगंगानगर कोल्ड स्टोरज एनएच-15, शिव चौक, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 24.06.2025 के द्वारा प्राप्त कर उपहार पत्र की प्रति अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर अलग-अलग भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 19505478 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 20.11.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 6 इ छोटी मुरब्बा नं. 28 के किला नं. 17 में माप 28.8 इन्दू 44 फीट, भूखण्ड संख्या 6, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 1944 दिनांक 12.12.2002 को श्री बलवन्त पुत्र श्री उत्तमचन्द के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि दिनांक 07.12.2017 को श्री कैलाश शर्मा पुत्र श्री बलवन्त राम शर्मा के नाम से नामान्तरण उपरान्त रिकॉर्ड में दर्ज है। श्री कैलाश चन्द